**पटना में दिनांक–27 जनवरी, 2023 शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।**

**निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–**

## उद्योग विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वित्तीय वर्ष 2022–23 में महिला चरखा समिति, कदमकुआँ, पटना को कॉरपस फंड के रूप में ₹200.00 लाख (दो करोड़) रूपये मात्र से सहायक अनुदान मद में राशि की स्वीकृति का प्रस्ताव। | 1. | **स्वीकृत।** |

## नगर विकास एवं आवास विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | पटना में कदमकुआँ थाना भवन के निर्माण हेतु गृह विभाग, बिहार सरकार से प्राप्त अनुरोध के आलोक में 50 डिसमिल भूमि उपलब्ध कराने के लिए पटना मास्टर प्लान, 2031 के अन्तर्गत राजेन्द्र नगर का स्वीकृत Layout Plan में प्रसंगाधीन भूमि का भूमि उपयोग (Land use) ग्रीन एरिया/पार्क एण्ड प्लेग्राउन्ड को शिथिल करने एवं उक्त स्थल पर कदमकुआँ थाना भवन के निर्माण की स्वीकृति के संबंध में। | 3. | **स्वीकृत।** |

## नगर विकास एवं आवास विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | राज्य के शहरी क्षेत्रों एवं इससे सटे शहरी क्षमता वाले ग्रामीण क्षेत्रों को समेकित एवं सुनियोजित रूप से विकसित करने के उद्देश्य से 10 आयोजना क्षेत्रों यथा–अरवल, सुपौल, सोनपुर, शेखपुरा, बांका, गोपालगंज, जहानाबाद, मधेपुरा, नवादा एवं भागलपुर के आयोजना क्षेत्रों के घोषणा की स्वीकृति के संबंध में। | 4. | **स्वीकृत।** |

## पथ निर्माण विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | जन–निजी–भागीदारी (PPP) अंतर्गत DBFOT (Design Build Finance Operate and Transfer) पद्धति पर रा०उ०पथ सं०–31 में करजान से रा०उ०पथ सं०–28 में ताजपुर को जोड़ने वाली गंगा नदी पर निर्माणाधीन 4–लेन पुल (लम्बाई 5.51 कि०मी०) एवं 4–लेन पहुँच पथ (लम्बाई 45.393 कि०मी०) परियोजना के टर्मिनेटेड कंसेशन एग्रीमेंट के पुनरूद्धार (Revival of Terminated Concession Agreement) एवं परियोजना के शेष कार्य को पूर्ण करने के लिए स्वीकृत रू० 935.775 करोड़ One Time Fund Infusion (OTFI), Water Fall Machanism (प्राथमिकता निर्धारण तंत्र) एवं अन्य शर्त्तों में से स्वीकृत Water Fall Machanism (प्राथमिकता निर्धारण तंत्र) के प्राथमिकता सूची में Landers को उनके बकाया मूलधन एवं ब्याज के वसूली तक टॉल कलेक्शन में प्राथमिकता (First Charge) देने की स्वीकृति के संबंध में। | 5. | **स्वीकृत।** |

**पथ निर्माण विभाग**

6. श्री सुनील कुमार सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, सिमडेगा, सम्प्रतिः सहायक अभियंता, गुण नियंत्रण, पथ अवर प्रमंडल, हाजीपुर, पथ प्रमंडल, हाजीपुर के विरूद्ध दर्ज सी०बी०आई० कांड संख्या–RC-16(A)/2009(R) में सक्षम न्यायालय द्वारा दोषी कर दिए जाने के लिए सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति के संबंध में। — 6. **स्वीकृत।**

**वित्त विभाग**

7. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3590, दिनांक–24.05.2017 के द्वारा सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी का स्वीकृत वेतनस्तर–7 के स्थान पर वेतनस्तर–8 स्वीकृत करने के संबंध में। — 7. **स्वीकृत।**

**वित्त विभाग**

8. वित्त विभाग में कार्यालय परिचारी के अतिरेक 59 पदों को प्रत्यर्पित करते हुए निम्नवर्गीय लिपिक के आवश्यक 71 अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — 8. **स्वीकृत।**

**शिक्षा विभाग**

9. राज्य स्कीम मद से राज्य के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में 1401 निर्माणाधीन अतिरिक्त वर्गकक्षों, 83 निर्माणाधीन नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों एवं 08 निर्माणाधीन भवनहीन विद्यालयों के शेष निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने हेतु क्रमशः ₹27,71,03,603/–(सताईस करोड़ इकहत्तर लाख तीन हजार छः सौ तीन रूपये), ₹7,33,04,626/–(सात करोड़ तैंतीस लाख चार हजार छः सौ छब्बीस रूपये) एवं ₹93,95,829/–(तिरानबे लाख पंचानवे हजार आठ सौ उन्नतीस रूपये) अर्थात् कुल राशि ₹35,98,04,058/– (पैंतीस करोड़ अन्ठानवे लाख चार हजार अन्ठावन रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति। — 9. **स्वीकृत।**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

10. श्री सुजीत कुमार, बि०प्र०से०, कोटि क्रमांक–921/11, गृह जिला– बेगुसराय को "सेवाच्युति, जो सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हता नहीं होगी" का दंड अधिरोपित करने के संबंध में। — 10. **स्वीकृत।**

**शिक्षा विभाग**

11. वित्तीय वर्ष 2022–23 में नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के लिए शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक पदों पर वेतनादि /अन्य भत्ते के भुगतान हेतु 4,99,99,000/– (चार करोड़ निनानवे लाख निनानवे हजार रू०) मात्र सहायक अनुदान मद में राशि का बिहार आकस्मिकता निधि से अग्रिम स्वीकृति के संबंध में। — 11. **स्वीकृत।**

## स्वास्थ्य विभाग

12. राज्य के सभी सदर/जिला अस्पतालों तथा अनुमंडल अस्पतालों में अन्तःवासी (Indoor) मरीजों के वस्त्रों की आपूर्ति, अस्पताल भवनों एवं परिसर की साफ–सफाई एवं वस्त्रों की धुलाई की सेवा तथा सभी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों में अन्तःवासी (Indoor) मरीजों के लिए वस्त्रों की आपूर्ति एवं अस्पताल के भवनों एवं परिसर की साफ–सफाई का कार्य बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन समिति द्वारा संपोषित सामुदायिक संगठन "जीविका" के माध्यम से किये जाने की स्वीकृति के संबंध में। — 12. **स्वीकृत।**

## स्वास्थ्य विभाग

13. डा० (श्रीमती) मीता दत्ता, चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमण्डलीय अस्पताल, फुलपरास, मधुबनी को दिनांक– 27.07.2016 से संकल्प निर्गत की तिथि तक अनुपस्थित रहने के आरोप में सेवा से बर्खास्त करने के संबंध में। — 13. **स्वीकृत।**

## स्वास्थ्य विभाग

14. स्व०(डा०) संत चौधरी, भूतपूर्व उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना को वरीय प्रवर कोटि (2.5%) के अपुनरीक्षित वेतनमान– 4300–5550/–रूपये में प्रोन्नति प्रदान करने के लिए दिनांक–12.10.1978 से 30.06.1998 तक की अवधि के लिए 01 (एक) मात्र अधिसंख्य पद के छाया पद सृजन की स्वीकृति। — 14. **स्वीकृत।**

## जल संसाधन विभाग

16. श्री ईश्वर चन्द्र ठाकुर (आई०डी०संख्या–3187), अभियंता प्रमुख (कार्यकारी प्रभार), सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना (मूल धारित पद–मुख्य अभियंता (असै०)) को उनकी वार्धक्य सेवानिवृत्ति दिनांक 31.01.2023 के क्रम में आगामी 01 (एक) वर्ष हेतु अर्थात दिनांक 01.02.2023 से दिनांक 31.01.2024 तक संविदा के आधार पर मुख्य अभियंता (असै०) के मूल धारित पद के वेतनमान् में नियोजित करते हुए उक्त पद के वेतनमान् के अनुरूप निर्धारित मानदेय पर अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के उच्चतर पद का कार्यकारी प्रभार प्रदान किये जाने के संबंध में। — 16. **स्वीकृत।**

## सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग

17. बिहार कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या– 06060114, प्रथम इन्टरस्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2014 के आधार पर निम्नवर्गीय सूचना लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों के समायोजन के लिए निम्नवर्गीय सूचना लिपिक के 18 (अठारह) अधिसंख्य पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध मे। — 17. **स्वीकृत।**

## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

18. मुंगेर जिला में वानिकी महाविद्यालय के स्थायी स्थापना के तहत पठन–पाठन कार्य के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न कोटि के कुल 204 पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — 18. स्वीकृत।

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

19. पटना जिलान्तर्गत बख्तियारपुर अंचल के मौजा–देदौर, थाना सं०–145 के विभिन्न खाता एवं खेसरा की कुल रकबा–10.00 एकड़ (भूमि विवरणी संलग्न–परिशिष्ट –I) कृषि विभाग के स्वामित्व की भूमि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के भवन निर्माण हेतु शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को निःशुल्क आधार पर अन्तर्विभागीय हस्तान्तरण की स्वीकृति के संबंध में। — 19. स्वीकृत।

## पथ निर्माण विभाग

20. CWJC No.-15687/2008 में दिनांक–27.03.2018 को पारित आदेश एवं MJC No.-2987/2018 में दिनांक– 18.01.2023 को पारित आदेश के अनुपालन हेतु श्री बेचन राम, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को 08 (आठ) वर्षो से अधिक अनाधिकृत अनुपस्थिति के लिए विभागीय अधिसूचना संख्या–5064(एस) सहपठित ज्ञापांक– 5065(एस) दिनांक–09.04.2008 द्वारा किये गये बर्खास्तगी आदेश को वापस लेने के संबंध में। — 20. स्वीकृत।

## मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

21. राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना के अधीन डाटा कोषांग के समुचित कार्य संचालन हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर/डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के 02 (दो) पदों के सृजन के संबंध में। — 21. स्वीकृत।

## गृह विभाग
(आरक्षी शाखा)

22. समस्तीपुर जिला के मुफ्फसिल थानान्तर्गत कर्पूरीग्राम में थाना का सृजन एवं उसके संचालन हेतु कुल 25 (पच्चीस) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — 22. स्वीकृत।

## जल संसाधन विभाग

23. कमला बलान बायां तटबंध एवं दायां तटबंध का उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कार्य फेज–II-कमला बलान बायां तटबंध के कि०मी० 66.300 (फटकी कुट्टी) से कि०मी० 92.500 (पुनाच) एवं कमला बलान दायां तटबंध के कि०मी० 64.00 (ठेंगहा) से कि०मी० 94.00 (पलवा) तक, जिसकी प्राक्कलित राशि रू० 29689.00 लाख (दो सौ छियान्वे करोड़ नवासी लाख) है, के प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति का प्रस्ताव। — 23. स्वीकृत।